तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

11 खाद की कमी से किसान परेशान, विधायक ने दी आंदोलन की...



12 निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा करें : कलेक्टर








# मैनपुर-देवभोग के 20 हजार हेक्टेयर में लहलहा रही मक्के की फसल, किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर और देवभोग में इस साल मक्के की बंपर पैदावार हो रही है। यहां के किसान धान के साथ-साथ खरीफ सीजन में लगभग 20,000 हेक्टेयर में मक्के की खेती कर रहे हैं। इस समय खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसानों के चेहरे पर खुशी है। हालांकि, उन्हें खाद की कमी से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर और देवभोग के मक्के की गुणवत्ता बेहतर होने के कारण इसकी मांग विदेशों में भी बहुत ज़्यादा है। यहां का मक्का खासतौर पर कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को निर्यात किया जाता है। ओडिशा और अन्य राज्यों के बड़े व्यापारी यहां से मक्का खरीदकर अपने गोदामों में रखते हैं और फिर विदेशों में अच्छे दामों पर बेचते हैं। पिछले कई सालों से इस क्षेत्र के मक्के की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत मांग बनी हुई है।

**फसल परिवर्तन से किसानों की बदल रही किस्मत-** एक-डेढ़ दशक पहले तक मैनपुर के किसान सिर्फ़ धान की खेती करते थे, लेकिन अब वे मक्का भी बड़े पैमाने पर उगा रहे हैं। सरकार की फसल परिवर्तन योजना के तहत कृषि विभाग भी किसानों को मक्का उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जिसका नतीजा यह है कि क्षेत्र में मक्के की पैदावार में बड़ा उछाल आया है। मक्के से होने वाली अच्छी आमदनी ने कई किसानों की तकदीर और तस्वीर बदल दी है।

## इस क्षेत्र के मक्के की अंतरराष्ट्रीय बाजार में है मांग

### इन गांवों में होती है सबसे ज्यादा पैदावार

मैनपुर के शोभा, गौरगांव, कुचेंगा, भुतबेड़ा, कोकड़ी, साहेबिनकछार, जांगड़ा, जुंगाड, तौरेंगा, इंदागांव और देवभोग के कई गाँवों में मक्के की सबसे ज्यादा पैदावार होती है। किसान ओडिशा से मक्के के बीज खरीदकर लाते हैं। मैनपुर मुख्यालय के 20 किलोमीटर के दायरे में भी पिछले कई सालों से मक्के की ज़बरदस्त पैदावार देखी जा रही है।



### अच्छी फसल

मैनपुर के कृषि अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया कि मैनपुर विकासखंड में लगभग 12,000 हेक्टेयर और देवभोग में 7-8 हजार हेक्टेयर में मक्के की खेती हो रही है। उन्होंने कहा कि मक्का की फसल को लेकर किसानों में काफी उत्साह है और इस समय फसल बहुत अच्छी है।

## खबर संक्षेप



### गणेश उत्सव की तैयारी शुरू मूर्तिकार बना रहे प्रतिमाएं

**मैनपुर।** गणेश उत्सव पर्व की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। पर्व के लिए मूर्तिकार आजकल देर रात तक भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाने में लगे हुए हैं। मैनपुर में खास तौर पर बंगाल से आए मूर्तिकार ये प्रतिमाएं बना रहे हैं।

### 24 घंटा का अखंड रामायण पाठ आज से

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड क्रमांक 10-11 में संतोषी मंदिर प्रांगण गोंड़पारा-किसानपारा में पवित्र सावन माह के अवसर पर 24 घंटा के दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन आज 2 अगस्त को सुबह 9 बजे पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित के साथ रामायण पाठ का शुभारंभ होगा जो कल 3 अगस्त रविवार सुबह 9 बजे तक चलेगा। इस आयोजन में अनेक मानस मंडली और सुंदरकांड समिति अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का महापाठ और हवन पूजन के साथ प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस दौरान संगीतमय भजनों का कार्यक्रम भी आयोजित है। यह जानकारी ठाकुरराम साहू ने दी।

### सरकारी अस्पताल में घुसा नागराज, रेस्क्यू कर छोड़ा

मैनपुर। शुक्रवार को मैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक नागराज सांप अचानक मरीज कक्ष के सामने आ गया। तुरंत सर्प पकड़ने वाले को बुलाया गया, जिसने सांप को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

### ग्रामीण को सांप ने काटा, समय पर इलाज मिलने से जान बची

**मैनपुर।** वनांचल क्षेत्र में सांप काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। शुक्रवार को एक ग्रामीण को सांप ने काट लिया, लेकिन परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। समय पर इलाज मिलने से ग्रामीण की जान बच गई। स्वास्थ्य विभाग लगातार गांवों में मुनादी कराकर लोगों को झाड़-फूंक के बजाय सीधे अस्पताल आने के लिए जागरूक कर रहा है, जिसका सकारात्मक असर अब दिख रहा है।

### मछली से भरा वाहन पलटा सड़क पर लगी भीड़

मैनपुर। गरियाबंद से ओडिशा जाने वाले मार्ग पर नवीनपुर के पास एक पिकअप वाहन मछली भरकर ला रहा था, जो अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटने से सड़क पर चारों तरफ मछलियां बिखर गईं, जिससे आसपास के गांवों के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध होने के कारण यह मछली ओडिशा से लाई जा रही थी।

## बैठक : लोगों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से करें लाभान्वित

# राज्यपाल गोद पंचायत बिजली के सर्वांगीण विकास के लिए रहे तत्पर : कलेक्टर उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर बीएस उईके ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने बैठक में राज्यपाल गोद ग्राम पंचायत बिजली में राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार चल रहे विकास कार्यों एवं किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बिजली ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहने के निर्देश देते हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि बिजली ग्राम पंचायत के अंतर्गत लोगों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जाए। उन्होंने पोषण, स्वरोजगार, कृषि, स्वच्छता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत सभी आयामों को मद्देनजर रखते हुए योजनाओं का सिचुरेशन कर लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यपूर्णता का प्रतिवेदन भी समय-समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली ग्राम पंचायत में अभी तक किए जा चुके विकास कार्यों एवं योजनाओं के पूर्णता की जानकारी भी मांगी। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।




### रोडमैप बनाने के निर्देश

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल रमेन डेका ने फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत बिजली को गोद लिया है, इसमें आश्रित गांव मड़वाडीह भी शामिल है। उन्होंने पूर्व में गांव का दौरा कर गांव के सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा कर चुके है। साथ ही बिजली ग्राम पंचायत को गोद लिए जाने के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देकर गांव के विकास के लिए तैयार किए जाने वाले रोड मैप के बारे में भी ग्रामीणों से चर्चा कर चुके है। राज्यपाल श्री डेका के मंशानुसार बिजली ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। यह गवर्नर ग्राम है। ग्राम पंचायत में सेंट्रल और स्टेट की फ्लैगशिप प्रोग्राम का हर ग्रामीण तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसका एक रोडमैप बनाने के निर्देश दिए है। गोद ग्राम पंचायत में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से जो भी अच्छा काम है वह क्रियान्वित किया जा रहा है। समाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत जनप्रतिनिधिगण भी इससे जुड़ रहे है। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्राथमिकता तय कर क्रियान्वित किया जा रहा है।

# उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा मिट्टीतेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला द्वारा संचालित क्षेत्र के 7 शासकीय उचित मूल्य की दूकान पर बिकने वाला केरोसिन उपभोक्ताओं को नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गई है। उपभोक्ताओं को जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा लगभग 5 माह से मिट्टी तेल नहीं दिया जा रहा है। सेल्समैन चंचल जगत ने बताया कि पांच माह से पूरे क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानों के साथ साथ पूरे जिले में मिट्टी तेल की सप्लाई ऊपर से बंद है। उपभोक्ता कृष्णा यादव, पिला बाईं ठाकुर, कुमारी बाई सेन, दमयंतीन नागेश, मंगली बाई, नेमीन यादव, सुनीता, नरेश सोरी, कुबेर सिंह भुजिया सहित आदि लोगों ने बताया कि मिट्टी तेल पांच महीने से नहीं मिला है। बरसात के मौसम में जब बिजली चली जाती है तो घर में अंधेरा छा जाता है। उस समय लालटेन, लैंप जलाने के लिए मिट्टी तेल की जरूरत पड़ती है, मगर मिट्टी तेल नहीं होने से हम लोग मजबूरी वश खाने का तेल से दीया जलाकर जैसे तैसे काम चला रहे हैं। बरसात के दिनों में सर्प, बिच्छू सहित अन्य कीड़े मकोड़े को घरों में प्रवेश से रोकने दरवाजा के पास मिट्टी तेल छिड़कते हैं। जिससे घर अंदर नहीं आ पाते, साथ ही खाना बनाने के लिए पहले आग जलाने के कार्य में भी उपयोग करते हैं। जिसे खरीदने महिनों चक्कर पे चक्कर लगा रहे हैं। सेल्समैन द्वारा रटा रटाया जवाब दिया जाता है कि मिट्टी तेल नहीं आया है। जिन लोगों के पास गैस नहीं है, उन्हें रोटी, चांवल पकाने के लिए ईंधन का संकट हो गया है, जिससे की लोगों को दिक्कतों का ▶▶| शेष पेज 11 पर



### डिपो से ही नहीं भेजा जा रहा

दूसरी ओर जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि मिट्टी तेल डिपो से ही नहीं भेजा जा रहा है। इस माह बार बार डिमांड के बाद ही एक टैंकर याने कि 12 हजार लीटर मिट्टी तेल अभी आया है। जिसे मैनपुर, छुरा और देवभोग एरिया में भेजना है।

# नवापारा-राजिम हाईवे एलईडी लाइट से हुआ जगमग, बढ़ी खूबसूरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नेशनल हाईवे 130 (रायपुर मार्ग) अब दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है। नवापारा बस स्टैंड से कबीर आश्रम तक लगाए गए एलईडी लाइट्स से यह पूरा इलाका रोशन हो गया है, जिससे मार्ग की सुंदरता और उपयोगिता दोनों बढ़ गई हैं। नवापारा से कुर्रा तक चार किलोमीटर की फोरलेन सड़क पर बीते तीन-चार महीनों से डिवाइडर के बीच बिजली के खंभे लगाने का काम चल रहा था। मुख्य मार्ग पर अंधेरा होने की वजह से शहरवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर एफसीआई के पास सड़क किनारे खड़े बड़े मालवाहक और ट्रकों की वजह से दुर्घटना का डर बना रहता था। इस मार्ग पर कई बड़े सरकारी दफ्तर और निजी प्रतिष्ठान होने के कारण देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अब इन लाइट्स के लगने से रास्ते का अंधेरा पूरी तरह छट गया है, जिससे आवाजाही काफी सुरक्षित हो गई है।



### डेढ़ माह बाद भी स्कूलों में नहीं पहुंच पाईं किताबें

**मैनपुर।** नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए डेढ़ माह बित चुका है अभी तक गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के स्कूलो में सभी किताबे नहीं पहुंच पाई है। शुक्रवार को मैनपुर से 6 किमी दूर देहारगुड़ा प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों को वितरण करने पुस्तक पिकअप के माध्यम से लाया गया। इस दौरान चर्चा में बताया कि अभी तक पूरी पुस्तके नहीं पहुंचे है।

# युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना जरूरी : डॉ. साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम नहरगांव स्थित हाई स्कूल में गुरुवार को समाज कल्याण विभाग एवं शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र, गरियाबंद के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. मनोज कुमार साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है। मजे के लिए शुरू किया गया नशा धीरे-धीरे मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, पारिवारिक और सामाजिक रूप से गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। इस अवसर पर श्री उदय गांगेय और श्री खेमचंद जंजीर ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उन्हें बचपन से ही नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग करना जरूरी है। स्कूलों और कॉलेजों में ऐसे कार्यक्रम होना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र गरियाबंद की प्रबंधक श्रीमती खिलेश गायकवाड़ ने नशा मुक्ति केंद्र की सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया की हमारा केंद्र विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान बनकर सामने आया है। यहां निवास, भोजन, योग, ध्यान, खेल गतिविधियां, व्याख्यान कक्षाएं और समुचित इलाज की व्यवस्था है। मरीजों के संपूर्ण स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नशा मुक्ति की इस मुहिम की सराहना की और युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर टेका में हुआ संगीतमय रामायण कार्यक्रम

# अहंकार चाहे कितना भी बड़ा हो, एक दिन उसे टूटना ही पड़ता है : अभिषेक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम टेका में गुरूवार को रामचरित मानस के रचनाकार संत गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर मानसगान कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुविख्यात अंजनीनंदन मानस परिवार धमनी राजिम एवं श्रीराम कृपा मानस परिवार सालिकझिटिया राजनांदगांव द्वारा शानदार संगीतमय प्रस्तुति दी गई। कथा प्रसंग के दौरान धमनी के व्याख्याकार गोविंद तारक ने सती मोह पर कहा कि भगवान की कथा को श्रद्धा के साथ सुनना चाहिए। इसमें किसी भी तरह का संदेह नही करना चाहिए। सती ने संदेह किया तो भगवान शिव ने उनका परित्याग कर दिया। सालीकझिटिया के व्याख्याकार अभिषेक साहू ने किष्किंधा कांड के दोहा-सुनु सुग्रीव मारेहूं बाली एकहि बान। ब्रम्ह रुद्र शरणागत गए न उबरहि प्रान। पर प्रसंग के दौरान कहा कि अहंकार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक न एक दिन उन्हें टूटना ही पड़ता है। बाली अहंकार के चलते अपना सगा भाई का हक मारा और उनकी पत्नी का भी हरण कर लिया। जिसके कारण भगवान ने उनका वध किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबन्द के महासचिव युवा कवि वीरेन्द्र ठाकुर ने तुलसीदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रावण शुक्ल सप्तमी तिथि संवत 1554 में चित्रकूट के पास राजापुर गांव में हुआ। बचपन से ही तुलसीदास के जीवन में अनेक संकट आया किन्तु उन्होंने हर संकटो का सामना किया और ▶▶| शेष पेज 11 पर



घर-घर तक श्रीराम के आदर्शों को पहुंचाया

# दो मामलों में 105 लीटर अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्याम धावड़े एवं कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी नियंत्रण कक्ष गरियाबंद में गठित टीम द्वारा 31 जुलाई को गरियाबंद अंतर्गत गश्त के दौरान ग्राम पंटोरा से लगे जंगल में कच्ची मदिरा विनिर्माण के संभावित स्थलों पर कार्रवाई कर जंगल एवं नदी किनारे में अलग-अलग जगहों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 50 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा बरामद कर धारा 34 (2) के तहत ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप





### ईश्वर लाल साहू को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मट एवं सक्रिय कार्यक्रर्ता ग्राम भसेरा निवासी ईश्वर लाल साहू को जिला भाजपा संगठन मे जिला उपाध्यक्ष बनाने एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वर्तमान पार्शद जगदीश यादव को जिला मंत्री बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ मे हर्श की लहर है।कार्यकर्ताओं का कहना है कि दोनो स्थानीय नेताओ का जनता के बीच अच्छी पकड़ है जिसके चलते भाजपा का पलड़ा वजनदार रहेगा।दोनो नेताओं को भाजपा के वरिष्ट एवं कनिष्ट नेताओ ने अपनी शुभकामनाएं प्रेशित की है जिसमे वरिष्ट नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, अशोक राजपूत, पूनम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, दीपक श्रीवास्तव, पदमा यदु, संतोषी श्रीवास्तव, भुवन साहू, प्रेमलाल टोडर, मिंजून साहू, दिलीप निषाद, मुकेश साहू, अशोक साहू, किरणेश सोनी, अरूण सिन्हा, किसन निषाद, कमलेश कश्यप, कामता निषाद, राकेश सिन्हा, दीपक पोद्दार आदि शामिल है।

### स्काउटिंग की पहचान है स्कार्फ : सिन्हा

**छुरा।** स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा ने वर्ल्ड स्कार्फ डे की बधाई देते हुए लोगों को स्काउटिंग गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग एक शैक्षिक आंदोलन है जो युवाओं को आत्म अनुशासन, समाज सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को



विकसित करने में मदद करता है। स्काउटिंग का मूल उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। स्काउटिंग बालचरों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से विकसित करता है। सिन्हा ने आगे कहा कि स्कार्फ, स्काउटिंग की पहचान और एकता है। विश्व के 224 देश में स्काउटिंग गतिविधि संचालित है, जिसके 54 मिलियन से अधिक युवा और वयस्क सदस्य हैं। स्काउट मास्टर, योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग एक वैश्विक आंदोलन है जो युवाओं को सक्रिय बनाने और अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के स्काउट्स द्वारा विश्व स्कार्फ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, यह 1907 में पहले स्काउट शिविर की याद दिलाता है। स्कार्फ, स्काउटिंग के प्रति प्रतिबद्धता एवं विशेष लगाव का प्रतीक है। यह स्काउटिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। स्कार्फ पहनकर स्काउट्स अपने अनुभव पर गर्व महसूस करता है। अलग-अलग रंग के स्कार्फ पहनने की विशेष परंपरा है। विशिष्ट रंगों से स्काउटिंग में आसीन पदों का भी पहचान होता है। स्कार्फ को पहनने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में पट्टी या रस्सी के रूप में प्राथमिक उपचार में उपयोग कर सकते हैं। इसको वागल या गांठ के साथ बांधा जाता है, जिससे आकर्षण में वृद्धि होता है। स्काउटिंग एक संपूर्ण जीवन शैली है जिससे जुड़कर एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा कर सकते हैं।

# महापौर-सभापति के लिए टोयोटा गाड़ी, अफसरों के लिए 19 मारुति डिजायर खरीदेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे पूर्व महापौर की वाली गाड़ी की जगह नई चमचमाती टोयटा गाड़ी में फर्राटा भरेंगी। यही नहीं, सभापति सूर्यकांत राठौर के लिए भी जल्द नई टोयटा गाड़ी आएगी। इसके लिए नगर निगम के मोटर वर्कशाप से प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यायल से सूडा को मंजूरी के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही नई गाड़ी की खरीदी की जाएगी। इसी तरह नगर निगम का मोटर और विद्युत अभियांत्रिकी विभाग शहर में विद्युत पोल खड़ा करने संबंधी कार्य के लिए 5 टावर लोडर क्रय करेगा। नगर निगम के 10 जोन में विद्युत संबंधी कार्य की आवश्यकता को देखते हुए 10 नए टाटा एस वाहन क्रय करने का प्रस्ताव बनाया गया है। रायपुर नगर निगम जल्द ही शहर की मुखिया के लिए नए वाहन की खरीदी करेगा। साथ ही नगर निगम सभापति को पुरानी गाड़ी की जगह निगम से नई गाड़ी मिलेगी। इस संबंध में प्रस्ताव बनकर तैयार है। यही नहीं, विभागीय अधिकारियों के लिए 19 मारुति डिजायर वाहन खरीदने शासन से मंजूरी मांगी जा रही है। विदित हो कि निगम मुख्यालय में इस समय अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता को पात्रता के आधार के निगम की ओर से वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वहीं कुछ अधिकारी किराये की गाड़ी का उपयोग कर रहे हैं।

## मोटर वर्कशाप से बना प्रस्ताव, मुख्यालय ने सूडा के पास मंजूरी के लिए भेजी फाइल

### अब हर जोन में विद्युत संबंधी कार्य के लिए 1 टाटा एस गाड़ी

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में विद्युत व्यवस्था संबंधी कार्य के लिए अब हर जोन अलग से 1 टाटा एस गाड़ी रहेगी। इस तरह 10 जोन की जरूरत हिसाब से 10 टाटा एस की नई गाड़ी क्रय करने की तैयारी है।





बिजली खंबा लगाने 5 टावर लोडर, 10 जोन के लिए बिजली का काम करने 10 टाटा एस आएगी

### आवारा मवेशी पकड़ने शहर में 10 काउकेचर, कुत्ता पकड़ने महज 1 डागकेचर

नगर निगम के पास कुत्तों की धरपकड़ करने 10 जोन के हिसाब से वर्तमान में 10 काउकेचर गाड़ी उपलब्ध है। प्रत्येक जोन को अलग से काउकेचर दिया गया है। वहीं शहरभर के आवारा कुत्तों की पकड़ने नगर निगम के पास केवल एक डाग केचर की व्यवस्था है। यह शहर के विस्तार को देखते हुए बहुत कम है, डाग केचर की संख्या बढ़ाने एक अरसे से मांग की जा रही है।

## पचपेड़ी नाका के पास दोनों छोर पर कई बड़े गड्ढे, इसलिए लगता है जाम

# भाठागांव से तेलीबांधा सिग्नल तक हर एक किलोमीटर में 30 से ज्यादा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में ज्यादातर हाईवे के सर्विस मार्ग मानसूनी बारिश के साथ ही जर्जर हो गए हैं। वर्तमान में मानसून का आधा सीजन ही बीता है। ऐसे में आने वाले दिनों में इन मार्गों के और जर्जर होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। सड़क मरम्मत का कार्य सितंबर के बाद ही शुरू हो पाएगा। इसके चलते सर्विस रोड पर आवाजाही करने वालों को गड्ढों की वजह से वाहन चलाने में और परेशानी होगी।

हरिभूमि की टीम ने गुरुवार को भाठागांव से लेकर तेलीबांधा चौक के बीच चार किलोमीटर दोनों तरफ की सर्विस रोड का जायजा लिया, तो हर एक किलोमीटर में 30 से ज्यादा छोटे-बड़े गड्ढे मिले। इससे सर्विस रोड पर गाड़ियों की रफ्तार कम होने के साथ ही भारी माल वाहक वाहन तथा बस चालक सेकेंड गियर में वाहन चलाने मजबूर दिखे। इसके कारण इन वाहनों के पीछे चलने वाली गाड़ियों की रफ्तार भी काफी कम थी। जल्दी में जाने वाले दोपहिया वाहन चालक मजबूरी में बड़ी गाड़ियों को कट मारते हुए निकल रहे थे।

### ज्यादतर सर्विस रोड के डामर उखड़े

हाल के दिनों में हुई तेज बारिश के कारण सर्विस रोड में कई जगह से डामर उखड़ गए हैं। डामर उखड़ने तथा भारी वाहन के दबाव के कारण सर्विस रोड में गड्ढे और बड़े हो रहे हैं। आने वाले दिनों में और बारिश होने पर इन सर्विस मार्गों की स्थिति और जर्जर होगी। विभागीय अफसरों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि बारिश के वजह से जो मार्ग खराब हुए हैं, उनकी मरम्मत का कार्य बारिश के बाद ही संभव होगा।



### सर्वे किया जा रहा

बारिश की वजह से खराब हुई सड़कों का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आठ से दस दिनों में आएगी। रिपोर्ट आने के बाद जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने का कार्य किया जाएगा।

- **ज्ञानेश्वर कश्यप,** चीफ इंजीनियर, पीडब्लूडी सड़क

### पचपेड़ी नाका की स्थिति ज्यादा भयावह

पचपेड़ी नाका के पास सर्विस रोड की स्थिति ज्यादा भयावह है। ट्रैफिक थाने के पास दोनों तरफ की सर्विस रोड में बड़े-बड़े गड्ढे होने के साथ ही सर्विस रोड का डामर उखड़ गया है। पचपेड़ी नाका के पास महासमुंद के साथ धमतरी, दुर्ग से आने वाले वाहन गुजर कर जाते हैं। पचपेड़ी नाका के पास ट्रैफिक जाम की स्थिति भी निर्मित होती है। इस वजह से पचपेड़ी नाका चौक के पास ज्यादातर बड़ी गाड़ियों को रोकना पड़ता है। इस मार्ग में रोड कार्नर का गैप अन्य जगहों के सर्विस मार्ग से ज्यादा है।

### गैप ज्यादा होने की वजह से बड़ी गाड़ियां रोड पर

*भाठागांव से लेकर तेलीबांधा तक सर्विस रोड के दोनों तरफ रोड कार्नर के गैप अपेक्षाकृत ज्यादा हैं। इस वजह से बड़ी गाड़ियों के वाहन चालक अपनी गाड़ियों को सर्विस रोड के नीचे नहीं उतारते। रोड कार्नर में गैप ज्यादा होने की वजह से दोपहिया तथा छोटे चारपहिया वाहन के चालक भी अपनी गाड़ी रोड से नहीं उतार रहे। इसके चलते हाईवे के साथ ही सर्विस रोड पर एक्सीडेंट का खतरा बढ़ गया है।*

### ग्रामीण सड़कों की हालत और भी जर्जर

*राजधानी से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के हाईवे के सर्विस रोड की हालत जब इतना खराब है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के सर्विस रोड की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग में बंजारी के आगे सड़कों की हालत काफी जर्जर है। इसी तरह से बलौदाबाजार जाने वाले मार्ग में विधानसभा के आगे की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं।*

### सितंबर के बाद होगी मरम्मत

*विभागीय अफसरों के अनुसार बारिश के चलते जो सड़कें खराब हुई हैं, उन सड़कों की मरम्मत करने का कार्य बारिश के बाद शुरू किया जाएगा। जर्जर मार्गों की पहचान करने अफसरों ने निर्देश दिए हैं। जिले में जर्जर मार्गों की सर्वे रिपोर्ट अगस्त के दूसरे सप्ताह तक आएगी। रिपोर्ट आने के बाद सड़क सुधार करने पीडब्लूडी टेंडर जारी करेगा। टेंडर जारी होने तथा विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद ही रोड मरम्मत का कार्य किया जाएगा।*

# अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने पर की जाएगी कार्रवाई

**गरियाबंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों, संक्रमण की रोकथाम एवं जन-सामान्य को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने के लिए खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा नियमित जांच की जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने स्ट्रीट फूड वेन्डर्स, हण्डलर, खाद्य सेवा प्रदायकर्ताओं से विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान खाद्य पदार्थों के सुरक्षित हैडलिंग, खाद्य पदार्थ की स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, ताजे एवं स्वच्छ भोजन जन-सामान्य को परोसे जाने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से जनहित में आवश्यक है कि स्ट्रीट फूड एवं रेस्टोरेंट में सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाकर खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं नागरिकों को सुरक्षित खाद्य के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा बने खाबों-बने रहिबों राज्य स्तरीय विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान प्रदेश के 33 जिलो में चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में 04 से 06 अगस्त तक इस अभियान में जिला मुख्यालय गरियाबंद के स्ट्रीट फूड वेन्डर्स खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट का निरीक्षण एवं खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने पर (जैसे- अखबारी कागज का उपयोग, बांसी खाद्य पदार्थ का उपयोग, पिलाये जाने वाले पानी की जांच, वेज नॉनवेज का एक कंटेरनर में रख-रखाव, खाद्य पदार्थ की अस्वच्छ हैडलिंग आदि) इसके दुष्प्रभाव की जानकारी दी जाएगी एवं अमानक पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आगामी त्यौहारी सीजन रक्षाबंधन, जन्माष्टमी आदि को ध्यान में रखते हुए खाद्य परिसरों की सघन जॉच एवं नमूना संकलन कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वे अपने खाद्य परिसरों में उचित साफ-सफाई, गुणवत्ता युक्त खाद्य का विक्रय करें एवं अनजान तथा बिना लाइसेंसी व्यक्तियों से कोई भी खाद्य जैसे खोवा कुंदा, दूध, पनीर एवं मिठाई - नमकीन का क्रय न करें।

## सोरिद खुर्द में सड़क की मांग, ढलान पर सीसी रोड नहीं होने से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा-फिंगेश्वर नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द के वार्ड क्रमांक 11 में एक छोटी सी गली का रास्ता ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। यह गली मुख्य सड़क से लगी है, लेकिन सड़क निर्माण के बाद यह रास्ता काफी नीचे हो गया है। बारिश के दिनों में यह ढलान वाला रास्ता नाले का रूप ले लेता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल यहां मुरूम डाली जाती है, लेकिन बारिश के तेज बहाव के कारण वह बह जाती है। करीब 10-12 फीट के इस ढलान वाले हिस्से में सीसी रोड नहीं है। इसके आगे और पीछे सीसी रोड बनी हुई है। इस अधूरे हिस्से की वजह से आए दिन छोटे बच्चे और बुजुर्ग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस 10-12 फीट के हिस्से में जल्द से जल्द सीसी रोड बनाने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सके।



# एक्सप्रेस-वे से माना वीआईपी रोड को जोड़ेगा नया फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने और एयरपोर्ट मार्ग की कनेक्टिविटी में तेजी लाने के लिए टेमरी में एक्सप्रेस-वे को माना वीआईपी रोड से जोड़ने के लिए फोरलेन रोड का निर्माण किया जाएगा।

करीब 0.80 किलोमीटर लंबे फोरलेन निर्माण के लिए 156.27 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है, जिसमें भूमि अधिग्रहण मुआवजा भी शामिल है। सूत्र के अनुसार फोरलेन बनाने के लिए कई लोगों की भूमि भी अधिग्रहित की जाएगी, जिसमें लगभग 70 से 80 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा सकता है। सूत्र के अनुसार इस प्रोजेक्ट के लिए राजस्व विभाग भू-अर्जन और मुआवजा प्रकरणों की कार्रवाई शुरू कर चुका है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।




### फुंडहर में ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

एक्सप्रेस वे में अभी पांच फ्लाईओवर देवेंद्र नगर, पंडरी, शंकर नगर, तेलीबांधा और फाफाडीह में है। इस वजह से यहां से गुजरते समय यात्रियों को रुकना नहीं पड़ता, लेकिन ग्राम टेमरी से फुंडहर होकर माना वीआईपी रोड जाने के फ्लाई ओवर नहीं है। इस कारण फुंडहर चौक पर ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। टेमरी से माना वीआईपी रोड तक फोरलेन बनने से फुंडहर चौक में जाम की स्थिति भी कम बनेगी और यात्री सुगम यातायात के साथ आवागमन कर पाएंगे।

### सड़क 2023-24 के बजट में शामिल

यह महत्वपूर्ण सड़क प्रोजेक्ट को वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में शामिल किया था। नया फोरलेन मार्ग एयरपोर्ट रोड को एक्सप्रेस-वे से जोड़ेगा, जिससे दोनों ही मार्गों का आवागमन सुगम होगा। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग से यात्रा समय में कमी आएगी तथा इससे हर दिन एक लाख से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# सरोना में ओएचई लाइन टूटने से यात्री हुए परेशान, एक साथ 20 ट्रेनें रहीं प्रभावित, पटरियों पर बैठकर किया इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ओएचई लाइन टूट जाने के कारण मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही 1 से 2 घंटे तक रही बाधित

सरोना व टांटीबंध रेलवे ओवरब्रिज के बीच ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन टूट जाने के कारण मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही करीब 1 से 2 घंटे तक बाधित रही। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण रायपुर से दुर्ग और भाटापारा तक विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनें खड़ी रहीं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरोना के पास ओएचई लाइन में वायर जल गया था। यह लाइन ट्रेनों को बिजली आपूर्ति के लिए ट्रैक के ऊपर लगाई जाती है। इस खराबी को ठीक करने में रेलवे को एक घंटे से अधिक समय लग गया। रेलवे तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रहा है। इस घटना के कारण मुंबई-हावड़ा ट्रेन सरोना स्टेशन पर लगभग 1 घंटा 30 मिनट, जबकि वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्ग में 36 मिनट से अधिक समय तक रुकी रही। इसके अलावा रायपुर से होकर गुजरने वाली दर्जनों लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित रहीं। सरोना, कुम्हारी, भिलाई फिर दुर्ग तक ट्रेन खड़ी रही।



### गांधीधाम एक्सप्रेस का इंजन फेल

गुरुवार को ओएचई लाइन में तकनीकी गड़बड़ी के बीच सरोना के पास गांधीधाम एक्सप्रेस के यात्रियों को एक और परेशानी का सामना करना पड़ा जब ट्रेन का इंजन शाम 4:30 बजे फेल हो गया। इंजन फेल होने की सूचना तत्काल रेलवे अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद वैकल्पिक इंजन की व्यवस्था की गई।करीब 1 घंटे 20 मिनट बाद, शाम 5:50 बजे नया इंजन पहुंचा, तब जाकर ट्रेन को आगे रवाना किया जा सका। इस दौरान यात्रियों को ट्रेन के भीतर असुविधा झेलनी पड़ी।

### सरोना में फंसी रही मुंबई-हावड़ा ट्रेन

ओएचई लाइन में गड़बड़ी के कारण सरोना स्टेशन पर मुंबई-हावड़ा ट्रेन करीब दो घंटे तक खड़ी रही। अचानक ट्रेन के रुक जाने पर यात्रियों को लगा कि सिग्नल की वजह से थोड़ी देर का ठहराव है, लेकिन पांच मिनट का इंतजार धीरे-धीरे एक घंटे से भी ज्यादा लंबा हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन से उतरकर पटरियों के किनारे बैठ गए और ट्रेन के फिर से चलने का इंतजार करते रहे। गर्मी और असुविधा के बीच यात्रियों की परेशानी बढ़ती रही। इस ट्रेन का रायपुर पहुंचने का निर्धारित समय शाम 4:05 था, लेकिन यह करीब दो घंटे की देरी से 6:15 बजे पहुंची।

### 20 ट्रेनें एक घंटे से अधिक लेट

ओएचई लाइन में आई तकनीकी समस्या के चलते करीब दो घंटे के भीतर 20 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुईं। इनमें भगत की कोठी एक्सप्रेस, वंदेभारत एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस,विशाखापट्टनम एक्सप्रेस सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल रहीं। सरोना में ओएचई लाइन में आई खराबी के कारण रायपुर स्टेशन में कई ट्रेनें लंबे समय तक खड़ी रहीं। ट्रेनों की आवाजाही ठप होने से यात्रियों को प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में घंटों इंतजार करना पड़ा। रेलवे कर्मियों द्वारा समस्या के समाधान में तत्काल मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात बहाल हो पाया।

## तहसीलदारों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

# सचिव से चर्चा विफल, तहसीलदारों की हड़ताल जारी, राजस्व कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल गुरूवार को भी जारी रही। तहसीलदारों के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व सचिव से मुलाकात की।

संभावना जताई जा रही थी कि इस मुलाकात के बाद संघ आश्वासन मिलने पर हड़ताल स्थगित कर देगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इस बार संघ अपनी मांगों को मनवाने के लिए अड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने बताया कि चर्चा के दौरान सचिव से सिर्फ यहीं आश्वासन मिला कि इस पर शासन स्तर पर विचार किया जा रहा है। विचार के बाद उनकी जायज मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के आश्वासन पहले भी कई बार दिया गया है, लेकिन इस बार हड़ताल तब तक खत्म नहीं करेंगे, जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है।




### हर दिन हजारों प्रकरणों में पेशी की तारीख बढ़ रही

हड़ताल के कारण तहसील न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों पर भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। रायपुर सहित प्रदेशभर में हर दिन हजारों प्रकरणों पर सुनवाई होती है, लेकिन तहसीलदारों के हड़ताल पर रहने से न्यायालय में सुनवाई भी ठप है। इस कारण हर दिन हजारों प्रकरणों में पेशी की तारीख भी आगे बढ़ाई जा रही है। सूत्र के अनुसार पिछले चार दिनों में एक लाख से ज्यादा प्रकरणों की सुनवाई टल गई है, जिससे पक्षकारों के साथ उनके वकीलों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

### चौथे दिन भी तहसीलों में ठप रहा कामकाज

*हड़ताल के कारण लगातार चौथे दिन भी राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों के तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी कामकाज ठप रहा। हड़ताल के कारण तहसीलों में तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार ड्यूटी पर जा नहीं रहे हैं, जिससे आय, जाति, मूल निवास, त्रुटि सुधार, वसीयत, बंटवारा और जमीन की नकल जैसे जरूरी दस्तावेजों का काम भी नहीं हो पा रहे हैं। कार्यालय पहुंच रहे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।*

# मेडिकल छात्रा से अश्लील चैट प्रोफेसर को हटाने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को एनएसयूआई छात्रों ने जमकर हंगामा किया। यहां के एक प्राध्यापक पर सेक्सटॉर्शन का आरोप मेडिकल कॉलेज की छात्रा द्वारा ही लगाया गया है। शिकायत पर जांच जारी है। एनएसयूआई ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए प्राध्यापक को निलंबित करने की मांग की है।विरोध-प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने आरोपी डॉ. सिन्हा के पुतले पर कालिख पोतकर और चप्पलों की माला पहनाई। इसके बाद पुतला दहन किया गया। गौरतलब है कि रायपुर मेडिकल कॉलेज के डॉ. सिन्हा पर एक छात्रा से अश्लील बातचीत करने, छोटे कपड़ों में फोटो भेजने की मांग करने और रंगभेदी टिप्पणी करने का आरोप है। इससे संबंधित ऑडियो क्लिप और चैट के स्क्रीनशॉट भी बीते दिनों वायरल हुए।



*दूषित हो रहा शैक्षणिक माहौल : प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा, मेडिकल कॉलेज जैसे संवेदनशील और शैक्षणिक माहौल में इस तरह की मानसिकता निंदनीय है। यह केवल एक छात्रा का मामला नहीं है, यह पूरे सिस्टम पर सवाल है। ऐसे लोगों को शिक्षा संस्थानों में रहने का कोई हक नहीं है। आरोपी को तुरंत सस्पेंड किया जाए और पुलिस जांच शुरू हो। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन हुआ।प्रदेश सचिव अतिक मेमन, जिला महासचिव संस्कार पांडेय, अथर्व श्रीवास्तव, शत्रुंजय शुक्ला, मो जिशन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस प्रदर्शन का हिस्सा बने।*

# खाद की कमी से किसान परेशान, विधायक ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में किसान इन दिनों खाद की कमी से गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। धान की रोपाई और बियासी का काम चल रहा है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है। शुक्रवार को जब सहकारी समिति में खाद आने की खबर फैली, तो सैकड़ों किसानों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन खाद न मिलने से वे भड़क उठे। इसकी जानकारी मिलने पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव तुरंत सहकारी सोसाइटी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर बात कर दो दिनों के भीतर खाद उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही, विधायक ने चेतावनी दी है कि अगर खाद नहीं मिली तो वे किसानों के साथ सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

## खेतों में पहुंचकर कृषि कार्यों का लिया जायजा, किसानों से की चर्चा



### निजी दुकानों में पर्याप्त खाद : विधायक

विधायक जनक ध्रुव ने खाद की समस्या को लेकर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जबकि निजी दुकानों में पर्याप्त खाद ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। ध्रुव ने कहा कि मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर, गोहरापदर और पूरे बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के किसान खाद की कमी से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि /"सोसाइटी में डीएपी और यूरिया जैसी कोई भी खाद उपलब्ध नहीं है। अगर दो दिनों के भीतर खाद नहीं मिली, तो मैं खुद किसानों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करूंगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिला समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। विधायक ने वनांचल के गांवों में जाकर खेतों में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया।



---

## खबर संक्षेप

### सावन झूला महोत्सव का आयोजन

**मैनपुर।** मैनपुर के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ में 3 अगस्त से दो दिवसीय सावन झूला महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में होगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को रही परेशानी : राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने रद्द ट्रेनों के कारण आम यात्रियों को हो रही परेशानियों पर कहा कि एसईसीआर द्वारा बिलासपुर और रायपुर ज़ोन में पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द करने से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। अब जबकि रक्षाबंधन और 15 अगस्त का त्योहार आने वाला तो पैसेंजर ट्रेने रद्द करना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। रेलवे की रद्द ट्रेनों के कारण टिकट कैंसिलेशन से रायपुर ज़ोन को मात्र 1 महीने में ही 16 करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं मात्र रायपुर ज़ोन में हर माह 1 लाख 68 हजार टिकट लोग कैंसिल कर रहे हैं।

## पेज 9 के शेष...

### उपभोक्ताओं को नहीं ...

सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के सभी दूकानों के सेल्समैन ने कहा हम लोग काफी समय से मिट्टी तेल की मांग कर रहे हैं लेकिन हर बार उन्हें निराशा हाथ लगी है, करीब पांच छः माह बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से आग्रह किया है कि उचित मूल्य की दूकानो में मिट्टी तेल की आपूर्ति अतिशीघ्र की जाएं ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके।

### अहंकार चाहे कितना...

रामचरित मानस जैसे अद्वितीय कृति के माध्यम से घर-घर तक श्रीराम के आदर्शों को पहुंचाकर संस्कार का संचार करने का बेहतर काम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दुर्गासिंह ठाकुर, सरपंच गंगाप्रसाद भारद्वाज, नारायण साहू, नरोत्तम साहू, पवन साहू, दुवेन्द्र ठाकुर का योगदान रहा। संगीतमय श्रीरामचरितमानस पाठ में श्रीराम भक्तों की अच्छी उपस्थिति रही।

### दो मामलों में...

प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। राजिम वृत्त के अंतर्गत गश्त के दौरान बरेठीनकोना जंगल में कच्ची मदिरा विनिर्माण के संभावित स्थलों पर कार्यवाही में छिपा कर रखें 55 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा को बरामद कर कब्जे आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में लिया गया। अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। इन दोनों प्रकरण में धारा 34 (2) अंतर्गत 105 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया है। उक्त कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्री कन्हैयालाल कुर्रे, नागेशराज श्रीवास्तव, रजत चंद ठाकुर, आबकारी आरक्षक पिताम्बर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप महिला नगर सैनिक कामिनी सोनी, वाहन चालक कुलेश्वर निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---


**अवहेलना :** गृह ग्राम में पंचायत सचिव का अंगद पांव, एक महीने से भटक रही महिला सचिव

# पंचायत धोबनमाल में सचिव विवाद, आदेश के बावजूद प्रभार नहीं दे रहे विनोद बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत धोबनमाल में पंचायत सचिव विनोद बिहारी नागेश पर अपने ही विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगा है। जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 1 जुलाई को एक लिखित आदेश जारी किया था, जिसमें राजकुमारी मांझी को धोबनमाल ग्राम पंचायत का पूरा प्रभार सौंपने के लिए कहा गया था। इस आदेश के एक महीने बाद भी विनोद बिहारी नागेश ने प्रभार नहीं सौंपा है। महिला सचिव राजकुमारी मांझी आदेश लेकर दर-दर भटक रही हैं, जबकि विनोद बिहारी नागेश कथित तौर पर अपनी ऊंची पहुंच का धौंस दिखाकर प्रभार देने से मना कर रहे हैं।

**जनपद सीईओ ने जारी किया नोटिस-** थक-हारकर राजकुमारी मांझी ने जनपद पंचायत मैनपुर की सीईओ को इस मामले की लिखित शिकायत दी। इसके बाद जनपद पंचायत मैनपुर ने विनोद बिहारी नागेश को नोटिस भेजा, जिसमें उन्हें 3 अगस्त तक सभी प्रभार सौंपने का सख्त आदेश दिया गया है। इस नोटिस के बाद विनोद बिहारी नागेश की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। जब इस संबंध में विनोद बिहारी नागेश से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।



कार्यालय, जिला पंचायत गरियाबंद, (छत्तीसगढ़)
॥ आदेश ॥







### कार्रवाई की जाएगी

जनपद पंचायत मैनपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया कि विनोद बिहारी नागेश के पास दो पंचायतों का प्रभार है। उन्हें धोबनमाल पंचायत से कार्यमुक्त कर दिया गया है, लेकिन उन्होंने अभी तक प्रभार नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि आज फिर नोटिस निकाला गया है, और अब कार्रवाई की जाएगी।

---

# पोक्सो और साइबर अपराध पर विधिक जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन तथा अध्यक्ष जिला सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में पैरा लीगल वालेंटियर कोमल निषाद थाना राजिम के द्वारा 01 अगस्त शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे नालसा के विभिन्न योजनाओं तथा कानून की जानकारी दी गई। कोमल निषाद (पैरा लीगल वालेंटियर) ने बताया कि नालसा का गठन, उद्देश्य एवं कार्य के बारे में जानकारी देते हुए विधिक सहायता योजना, संवाद योजना, डॉन ड्रग्स योजना, आवाज उठाओ योजना, मुक्त कानूनी सहायता योजना, पास्को एक्ट तथा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के बारे में जानकारी दी।उन्होंने आगे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे नालसा हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिलाओं के लिए हेल्पलाइन, वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्पलाइन तथा साइबर सेल हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।वहीं संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

कानून के निर्माण में लोगों कि भागीदारी बढ़ती है और कानून के शासन कि स्थापना की दिशा में प्रगति होती है।यह छात्रें के सम्पूर्ण विकास व विधिक साक्षरता के दृष्टिकोण से शिविर को बेहद लाभकारी बताया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल साहू, रुद्रप्रताप साहू, तोमन साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# नवापारा-राजिम में एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के सामुदायिक भवन में गुरुवार शाम को दिवंगत गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'एक शाम मोहम्मद रफी के नाम' शीर्षक वाले इस कार्यक्रम का नेतृत्व पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने किया। इस कार्यक्रम में कोंडागांव से आए गायक परवेज खान, बिलासपुर के शुभम जी और रायपुर की मीनाक्षी ने रफी साहब के गीतों को अपनी आवाज़ दी, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। शहर के लोकप्रिय गायक इकबाल खान ने /"छलकाए जाम/" और छुप गए नज़ारे जैसे गीतों से दर्शकों को खूब लुभाया। प्रेम साधवानी ने दीवाना मुझसा नहीं गाकर श्रोताओं की तालियाँ बटोरीं। इनके अलावा, श्याम अठवानी, अशफाक खान और सलीम खान ने भी अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीत लिया। रायपुर से आए संगीतकारों ने अपनी कला से इस महफिल में चार चांद लगा दिए। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के संगीतमय कार्यक्रम शहर में होते रहने चाहिए और उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगेंद्र कंसारी, कलीदान कंसारी, नूतन साहू और अरविंद देशमुख का सहयोग रहा।



---

# भेंडरी सरपंच तुलेश्वरी साहू ने कुपोषित बच्चों को लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

मानवता का परिचय देते हुए एक अनोखा दृश्य ग्राम पंचायत भेंडरी के सरपंच तुलेश्वरी साहू के द्वारा देखा गया, जहां गांव के ही आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाली 2 वर्ष की दीपिका ध्रुव पिता खेमचंद ध्रुव को 6 महीना के लिए गोद लिया है इन 6 महीना में बच्चों का भरण पोषण वस्त्र और स्वास्थ्य सहित संपूर्ण जिम्मेदारी उनकी रहेगी तुलेश्वरी साहू ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शासन के अनुरूप गांव की छोटी बच्ची गीतिका को गोद लिया है उनके परिवार की स्थिति दायिनी है और बच्ची कुपोषित है ऐसे में गरीब परिवार को उनका भरण पोषण करना काफी दिक्कत हो रहा था जिस पर मैं बच्चों को 6 महीने के लिए अपनी संरक्षण में ली हूं और संपूर्ण आवश्यकता को पूरी करूंगी और अनुरोध करती हूं कि जिस जिस क्षेत्र में कुपोषित बच्चे है उनको सरपंचों को य कोई भी व्यक्ति बच्चों को गोद ले गरीब परिवार का सहयोग करें। यह पुण्य का कार्य है इसमें भागीदारी अवश्य लेना चाहिए। सरपंच की इस मानवता को देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने उनका जोरदार अभिवादन किया और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है सरपंच तुलेश्वरी की इस पुण्य कार्य से बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी।



---

# अतरमरा संकुल में मासिक आंकलन प्रक्रिया प्रारंभ, बच्चों की गुणवत्ता सुधार पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन एवं लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत विकासखंड छुरा के संकुल केंद्र अतरमरा में मासिक आकलन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगजीत सिंह धीर एवं जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के मार्गदर्शन में यह कार्य संकुल प्राचार्य बी. देवांगन और संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। संकुल अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला अतरमरा, रजनकटा, खट्टी, दीवना सहित सभी शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं तक जुलाई माह का मासिक आकलन सम्पन्न किया जा रहा है। निर्देशानुसार सभी विषयों का मूल्यांकन निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य बी. देवांगन एवं संकुल समन्वयक श्री विनोद सिन्हा ने आकलन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 को शासन द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में संकुल के सभी विद्यालयों में साप्ताहिक टेस्ट और मासिक आकलन नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

संस्था के प्रधान पाठकों ने जानकारी दी कि प्रत्येक कक्षा के शिक्षकों द्वारा अलग-अलग दिनों में अपने विषयों का मूल्यांकन किया जा रहा है, साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर संबंधित रिकॉर्ड का संधारण भी किया जा रहा है।

---


# शोक संदेश



## स्व. जयप्रकाश सेन (पंकज सेन)

जन्म - 27.06.2002 | निधन - 01.08.2025

नन्हा फरिश्ता, तू चला गया, हमें छोड़कर,
तेरी हंसी, तेरी बातें, अब बस यादें हैं।
हम तुझे हमेशा प्यार करेंगे, कभी नहीं भूलेंगे।
तू हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेगा,
दर्द बहुत है, पर तेरी यादों में सुकून है।

**कार्यक्रम**

तीजनाहवन : 03/08/2025, रविवार, दशगात्र : 07/08/2025, गुरूवार
स्थल : टोहंगीपारा, बासीन (राजिम)
टीप : तालाब कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे।

**शोकाकुल**
समस्त कौशिक परिवार
बासीन

**विनीत**
उमेश सेन (पिताजी)
श्रीमती यशोदा सेन (माताजी)
गोलू सेन (भाई), मनीष कुमार सेन (भाई)
ग्राम - बासीन

## निरीक्षण : छात्रावास, स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण, जनमन योजना के कार्यों की समीक्षा

# निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के कलेक्टर बीएस उइके शुक्रवार को आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में पहुंचकर जहां एक ओर करोड़ों रूपये के लागत से निर्माण किए जा रहे छात्रवास भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं आंगनबाड़ी उप स्वास्थ्य केन्द्र के साथ ही प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया और पीएम जनमन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा किया। ग्रामीणों से उनके समस्याओं को सुना। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुशी से गदगद हो गये। गरियाबंद कलेक्टर श्री बी.एस उइके ने गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड के निर्माणाधीन एवं विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने छिंदौला में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र, पीएम जनमन आवास एवं आदिवासी कमार छात्रवास का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत भी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र शासन द्वारा यह विद्यालय विशेष रूप से जनजातीय छात्रें की शिक्षा के लिए बन रहा है, जिसमें आवास, शिक्षा और अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय निर्माण की डिजाइन, कक्षाओं की स्थिति, छात्रवास भवन, भोजनशाला, खेल मैदान और प्रयोगशालाओं की योजना की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। अगले शैक्षणिक सत्र में जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को इसी भवन में शिक्षा उपलब्ध कराई जायेगी। इसलिए निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूरा करे। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, हरियाली और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**बच्चों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण दे-** बेहराडीह पहुंचे कलेक्टर ने छात्रवास का निरीक्षण कर साफ सफाई पर ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उइके ने ग्राम बेहराडीह में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, समय पर करने एवं गुणवत्ता के साथ को कहा। कलेक्टर ने किया आदिवासी कमार बालक छात्रवास झरियाबाहरा का निरीक्षण – कलेक्टर ने झरियाबाहरा स्थित आदिवासी कमार बालक छात्रवास का निरीक्षण कर वहां रह रहे विद्यार्थियों की स्थिति और छात्रवास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रवास में रहने, भोजन, पढ़ाई और स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रवास में रसोईघर, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा इंतजामों की भी जानकारी ली। उन्होंने छात्रवास में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने, गार्डनिंग करने, पौष्टिक एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराने तथा बच्चों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य जांच और अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही बच्चों को मानसिक व शैक्षणिक रूप से सशक्त करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन करें।





### प्राथमिक शाला, आंबा एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बी एस उईके ने फरसरा के शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति के अलावा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षकों को नियमित रूप से स्कूल आने एवं विद्यार्थियों को शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई–लिखाई एवं मध्यान्ह भोजन की स्थिति जानकारी ली। साथ ही पास में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, शिक्षा–सामग्री और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बातचीत कर बच्चों के कुपोषण की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित दो वर्षीय कुमकुम बंजारा की स्थिति को देखकर उनकी माता श्रीमती दीपा बंजारा को 3 अगस्त को मैनपुर में आयोजित होने वाले निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार कराने को कहा। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, एनिमिक एवं गर्भवती माताओं की जानकारी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मनाया हरियाली का पर्व

**मैनपुर।** सावन के इस पवित्र माह में भगवान शिव की भक्ति में चारो तफर बोलबम के जयकारे लग रहे हैं। वहीं जगह-जगह हरियाली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मैनपुर आमापारा में महिलाओं ने हरे रंग की चुनरी साड़ी मेंहदी व सिंगार कर पारंपरिक वेशभूशा में झुला का आनंद लेते हुए उत्साहपूर्व हरियाली का पर्व मनाया। इस दौरान महिलाओ ने भगवान शंकर और माता पार्वती की विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किया और झुले का आनंद लेते हुए लोकगीत गाकर धूमधाम के साथ त्यौहार मनाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कुले"वरी सिन्हा, अमीशा सिन्हा, लक्ष्मी वर्मा, ज्योति साहू, शानिया साहू, रेश्मा राव व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### थानसिंग को मिलेगा सदस्यता दीप सम्मान

**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए गए सदस्यता अभियान 2024 ने पूरे देश में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के अंतर्गत गरियाबंद जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इसी कड़ी में नगर पंचायत छुरा के पूर्व सभापति थानसिंग निषाद को सदस्यता दीप सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में चले इस सदस्यता अभियान में गरियाबंद जिले के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिले ने संगठनात्मक दृष्टि से प्रदेश में मजबूती से स्थान बनाया और इसका श्रेय राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू सहित जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। थानसिंग निषाद ने अपने संगठनात्मक अनुभव, अथक परिश्रम और जनसंपर्क के बलबूते जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया और सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़कर अभियान को जनांदोलन का रूप दिया। उनके इसी योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें 2 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री निवास (रायपुर) में आयोजित विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित किया है, जहां उन्हें सदस्यता दीप सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।



### तुलसीदास जयंती पर क्विज प्रतियोगिता

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में संत शिरोमणि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाकवि तुलसीदास की जीवनगाथा कक्षा आठवीं की आस्था चंद्राकर एवं कक्षा छठवीं के अंकित प्रधान द्वारा प्रस्तुत की गई।

### निधन

#### जयप्रकाश सेन

**राजिम।** राजिम। टोहंगीपारा बासीन निवासी जय प्रकाश सेन (पंकज सेन) का शुक्रवार को आकष्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उमेश सेन (पिताजी) यशोदा सेन (माताजी) गोलू सेन (भाई) मनीष कुमार सेन (भाई) थे।



#### पी एल सिन्हा

**फिंगेश्वर।** नगर के वार्ड 13 द्वारसिवनी वार्ड के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत लिपिक पीएल सिन्हा का आकस्मिक निधन होने पर उनकी अंतिम यात्रा में नगर के नागरिक एवं सामाजिक गण शामिल हुए। वे राजू सिन्हा के पिता थे।



## फसल बीमा को ऐच्छिक रखा जाए, जबरन न थोपे वर्ना होगा आंदोलन: धनेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को किसानों के हित के लिए लाया था, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति होने पर उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। लेकिन वास्तविकता यह है कि इस योजना से सबसे ज्यादा नुकसान खुद किसानों को होता है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पहले किसानो के लिए अनिवार्य था। लेकिन कांग्रेस के आंदोलन करने के बाद इसे किसानो के लिए ऐच्छिक कर दिया गया। जिसके तहत किसानो की मर्जी पर निर्भर था कि वे फसल बीमा करें या न करे। अब बैंक से खाद के लिए लोन लेने वाले किसानों जो फसल बीमा कराना चाह रहे है उनसे फार्म भरवाया जा रहा है किन्तु जिन्हें फसल बीमा नहीं कराना है उससे भी जबरन फसल बीमा के लिए यह कहकर का फार्म भरवाया जा रहा है कि हमें फसल बीमा नही चाहिए। जो कि किसानो के साथ नाइंसाफी है । श्री साहू ने इस आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए किसानों के कंधों पर बंदुक तानने जैसा कहा है। वैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लाभदायी नहीं है। इतने सारे नियम शर्ते है कि किसानों का फायदा होने की बजाए सिर्फ बीमा कंपनी को ही ज्यादा से ज्यादा फायदा होता है। किसानों से बिना अनुमति जबरन बीमा किया जायेगा, बैंक से कटौती हो जायेगी लेकिन क्लेम कब मिलेगा उसकी गारंटी भी नही रहती। श्री साहू ने कहा कि लगता है केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को जबरन अनिवार्य फसल बीमा करवाना बीमा कंपनी को फायदा पहुंचाने का षडयंत्र है। सरकार जरूर यह कह रही है कि यह योजना किसानों के लिए लाभदायी है लेकिन यह योजना किसानो के लिए नुकसान के अलावा और कुछ नही है। खेत किसानो का, फसल किसानो का इसलिए किसानो पर ही निर्णय छोड़ देना चाहिए कि वे अपनी फसल का बीमा कराएं या न कराएं। किसानों की मर्जी के बिना फसम बीमा के लिए फार्म भरवाया जाना कतई उचित नहीं है। बताया कि 31 जुलाई फार्म भरने का अंतिम तारीख रहा जिसे आगे बढ़ाई जाए और इसे ऐच्छिक ही रखा जाए। श्री साहू ने कहा कि यदि सरकार इस आदेश को वापस नही लेती है तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में किसानो को साथ लेकर आंदोलन करेगी।

## छात्रों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पौधा रोपण कर छात्रों को पर्यावरण एवं वृक्ष का महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में नीम, पीपल, आम, आंवला, गुलमोहर आदि पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि पौधा रोपण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला का एक हिस्सा है और भविष्य में भी ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वृक्ष केवल पर्यावरण के संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक विरासत भी हैं। ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।



कुलसचिव डॉ. बीपी बोल ने कहा कि आज का युवा ही आने वाला भविष्य है। जब छात्र प्रकृति से जुड़ते हैं और उसका संरक्षण करते हैं, तो समाज को एक सकारात्मक दिशा मिलती है। एनएसएस के माध्यम से हम छात्रों में सेवा और समर्पण की भावना का निर्माण कर रहे हैं। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना पैदा करना भी है। यह पौधा रोपण कार्यक्रम छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि पौधा रोपण जैसे आयोजन न केवल विश्वविद्यालय परिसर को सुंदर बनाते हैं, बल्कि यह भावी पीढ़ी के लिए एक हरित धरोहर भी छोड़ते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन सदैव ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा। इस कार्यक्रम का संयोजन श्री युगलकिशोर राजपूत और विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ दिवाकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पौधा रोपण कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## जिले में कमजोर बच्चे तथा पिछड़े इलाकों में शिक्षा के प्रचार के लिए काम करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शहर के प्रेमरतन मैरिज पैलेस में कलेक्टर भगवान सिंह उइके उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, संकुल समन्वयको एवं ब्लाक अधिकारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह आयोजन शिक्षकों के लिए एक दूसरे के साथ अनुभव साझा करने तथा सीखने के अवसर को बढ़ाने का एक अच्छा माध्यम है। कहा कि विनोबा ऐप से शिक्षकों को मदद मिल रही है।

विगत दो वर्षों में गौरव गरियाबंद अभियान द्वारा 10 वीं एवं 12वीं के परिणाम में यह जिला अच्छा रेंक प्राप्त किया है। यह प्रयास में निरंतर बने रहना चाहिए। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि इस वर्ष और बड़े लक्ष्य के लिए कार्य करना होगा। कमजोर बच्चों तथा पिछड़े इलाकों में शिक्षा के प्रचार के लिए काम करने की आवश्यकता है। शिक्षकों को अपना कार्य पूरी ईमानदारी और लगन पूर्वक करना चाहिए ताकि हमारा जिला सभी जिलों से आगे रहे।

कार्यक्रम में मौजूद जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने कहा कि गौरव गरियाबंद अभियान में विनोबा ऐप का निरंतर सहयोग मिल रहा है। इस वर्ष भी हम ओपन लिंक फाउंडेशन से ऐसे ही सहयोग की उम्मीद रखते हैं। हमें अपने जिले को और ऊंचाइयों पर ले जाना है। जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी के लिए जो भी प्रयास होगा उसमें हमारा पूरा सहयोग रहेगा। हमारे जिले के शिक्षक अच्छा मेहनत कर रहे हैं।




### ये रहे शामिल

ओपन लिंक फाउंडेशन के कार्यकर्ता जितेंद्र साहू, हेमंत साहू एवं शुभम पटेल ने बताया कि आने वाला दिनों में और भी ऐसे कार्यक्रम जो अच्छे कार्य और शिक्षकों को प्रोत्साहित करें निरंतर होता रहेगा। शिक्षकों व अधिकारियो ने अपने अनुभव साझा करते हुए माना कि शिक्षक शिक्षण उत्सव में न सिर्फ अपने जिले अपितु पूरे राज्य और देश की शिक्षा प्रणाली को एक दिशा में लाने की ताकत है। इस अवसर पर ए. डीपीओ बुद्धविलास सिंह, एपीसी मनोज केला, सांख्यकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर, थॉमस विल्सन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक, चयनित शिक्षक एवं दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर के अधिकारी उपस्थित थे। मालूम हो कि इस कार्यक्रम को ओपन लिंक फाउंडेशन ने जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव के रूप में आयोजित किया था।

## वृक्ष गंगा अभियान के तहत मुक्ति धाम में किया गया पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गायत्री परिवार से जुड़े जय मां गंगा, मां सरस्वती, मां गौरी महिला मंडल द्वारा मुक्तिधाम दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नंबर 4 में पौधा रोपण किया गया। दी गई जानकारी के मुताबिक गायत्री परिवार से जुड़े लोग रायपुर जिले में 25 हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। प्रभारी सम्पत साहू ने बताया कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर बहुमूल्य मानव जीवन एवं अन्य जीव जन्तुओं के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करने के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक है। पेड़ पौधे हमें प्राणदायिनी शुद्ध आक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ में हमें पुण्य लाभ मिलता है। इस अभियान की शुरूआत गुरुपूर्णिमा से की गई है। मिशन के कार्यकर्ता अपने जन्मदिन पर एक पौधा रोपण कर रहे हैं। जिले के अनेक स्थानों में फलदार, फूलदार, छायादार एवं अन्य उपयोगी पौधों के साथ देव वृक्ष तुलसी पौधे का रोपण किया जा रहा है। वृक्षारोपण के कार्य में बीआर साहू, शंकर सिन्हा,केशव सेन, गिरधारी सेन, विजय सेन, भगवान दास ,निशा राजू सेन, सरिता यादव, कविता निषाद, अन्नपूर्णा कंसारी, गायत्री तराने, लोकेश्वरी साहू, मीना साहू, यशोदा साहू का योगदान है। इन सभी के सानिध्य में बेल,पीपल, बादाम,आम, अमरूद, पारिजात जैसे पौधे का रोपण कर उसका देखभाल के लिए संकल्प लिया।



### शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह

## अंधकार रूपी अज्ञान को गुरू करते है दूर : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय उच्च कन्या माध्यमिक शाला में 4 शिक्षक कवल साहू, हीरालाल गिलहरे, मानसिंह साहू, पवन मानस के सेवानिवृत एवं शिक्षिका जूली क्रिस्टीना का अन्यत्र ट्रांसफर हो जाने पर विदाई सम्मान समारोह आयोजन में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि हम सबके आगे बढ़ने में गुरुओं का बहुत बड़ा योगदान है। गुरु अंधकार रूपी अज्ञान को दूर कर प्रकाश रूपी ज्ञान की रोशनी प्रदान करता है। अतएव गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। कहा कि विदाई का अर्थ बहुत मार्मिक होता है, हमारे बीच से पांच शिक्षकों का सेवानिवृत्त एवं ट्रांसफर में जाने से हम सभी को पीड़ा हो रही है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि गुरु अपना पूरा जीवन छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में लगा देता है। रिटायर एक प्रक्रिया है, जिनका पालन सभी करते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद तो शिक्षकीय कार्यो में व्यस्त रहे शिक्षकों का कार्य क्षेत्र और बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। वे अपनी पूरी ताकत समाज के विकास में लगा सकते हैं।




**शिक्षक के मार्गदर्शन से छात्र-छात्राएं आगे बढ़ रहे-** शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकी साहू ने कहा कि विदाई का नाम सुनते ही आंखों में आंसू आ जाती हैं, हमारे स्कूल से जो शिक्षक जा रहे हैं, वे बहुत ही अनुभवी एवं अनुशासित रहे हैं छात्र-छात्राओं को उनके मार्गदर्शन से आज निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और बड़े-बड़े पदों में भी गए हैं। उन सभी का सेवानिवृत होकर हम सब को छोड़कर चले जाना हम सबके लिए दुख और विरह का क्षण है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष शर्मा ने किया। स्वागत भाषण प्राचार्य कृष्ण यदु तथा आभार व्यक्त शिक्षक विवेक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश राठौर, ढालेन्द्र साहू, योगेश्वरी देवांगन, नरेंद्र साहू, नीरा तिवारी, किरण शर्मा, अनुपमा ठाकुर के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष की धर्मपत्नी स्वर्णलता शर्मा यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, भारत यादव, आकाश राजपूत, उत्तम निषाद मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान शाल श्रीफल तथा उपहार भेंटकर किया गया।

